आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 05.09.2024
समय 1830

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर के 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में चमोली जिले की कुसमलता गड़िया भी शामिल।

- शिक्षक दिवस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 19 शिक्षकों को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को वर्चुअली संबोधित किया। कहा– पिछले दस वर्षों में भारत की सौर ऊर्जा क्षमता 32 गुना बढ़ी है।

- केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग के महत्वपूर्ण पड़ाव, कुंड पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू।

<u>शिक्षक पुरस्कार 2024</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आज एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।

उत्तराखण्ड से चमोली जिले के पोखरी विकासखण्ड के राजकीय माध्यामिक विद्यालय की शिक्षिका कुसुमलता गडिया को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षा को सुगम और योगा को पाठयक्रम में शामिल करने जैसे नवाचारों के लिए दिया गया।

<u>शैलेश मटियानी पुरस्कार</u>

शिक्षक दिवस पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में 19 शिक्षकों को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलेश मटियानी पुरस्कार की धनराशि 10 हजार से बढाकर 20 हजार रुपए करने की घोषणा की। श्री धामी ने कहा कि तकनीक के दौर में शिक्षक ही वह कड़ी है जो छात्रों को सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का काम करता है। नौनिहालों के विकास के साथ ही राज्य के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।

<u>समझौता ज्ञापन</u>

मौन पालन और शहद उत्पादन के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिए गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और स्लोवेनिया के एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के मध्य समझौता ज्ञापन हुआ है।

इस समझौते के अनुरूप पंतनगर विश्वविद्यालय में एक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने के साथ ही मौन पालन पर संयुक्त रूप से शोध कार्य करने, वैज्ञानिकों, छात्रों एवं अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण और शोध कार्य करने के लिए आपसी आदान–प्रदान, संयुक्त रूप से सेमीनार और कार्यशालाएं आयोजित करना प्रस्तावित है। इन प्रयासों से न केवल कृषि आधारित उद्योगों को फायदा होगा, बल्कि राज्य के किसानों और उद्यमियों को भी आधुनिक तकनीकी जानकारी और सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह समझौता दोनों संस्थानों

के बीच शोध और तकनीकी आदान–प्रदान को और सुदृढ़ करेगा, जिससे उत्तराखण्ड में मौन पालन उद्योग को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

## वनाग्नि रोकथाम

प्रदेश में वनाग्नि की रोकथाम के लिए वन विभाग चीड़ बहुल्य वन क्षेत्रों में चीड़–पिरूल निस्तारण की कार्रवाई कर रहा है। वर्ष 2024 में प्रदेश में करीब अड़तीस हजार तीन सौ कुंतल पिरूल एकत्रित किया गया। चीड़ बहुल्य सतावन क्षेत्रीय वन रेंज में पिरूल एकत्रीकरण केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में अल्मोड़ा और गढ़वाल वन प्रभाग के चीड़ बहुल्य क्षेत्रों में पिरूल एकत्रीकरण केंद्रों की जीआईएस मैपिंग की कार्यवाही गतिमान है।

## डीएलएड प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने द्विवर्षीय डीएलएड प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 28 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा की प्रस्तावित तिथि तीस नवम्बर निर्धारित की गई है।

## नियुक्ति पत्र सौंपे

शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने श्रीनगर गढ़वाल में आयोजित एक कार्यक्रम में चमोली, पौड़ी और रूद्रप्रयाग जिले के नवनियुक्त 3 सौ 13 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि प्रदेश के स्कूलों में फर्नीचर, किताबें, पानी, शौचालय और भवन समेत अन्य कोई भी समस्या हो तो खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विकास के लिए बजट की कमी नहीं है। उन्होंने बच्चों को मिड डे मील में दिए जाने वाले भोजन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## सौर महोत्सव

भारत की सौर ऊर्जा क्षमता पिछले दस वर्षों में 32 गुना बढ़ गई है और इस गति से देश को 2030 तक 500 गीगा वाट गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह महोत्सव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए हैं और यह नवीकरणीय ऊर्जा में पेरिस प्रतिबद्धताओं को हासिल करने वाला पहला जी–20 राष्ट्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2015 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन एक विशाल वृक्ष के रूप में विकसित हो रहा है और बहुत कम समय में सौ देश इसके सदस्य बने हैं। यह बताता है कि इस संगठन का विकास एक विश्व, एक सूर्य की परिकल्पना के लिए महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सौर ऊर्जा से संचालित भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एकजुट प्रयासों पर जोर दिया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन –आईएसए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है यह संगठन कार्बन मुक्त वातावरण के लिए एक स्थायी मार्ग के रूप में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देता है।

## केदारनाथ यात्रा

केदारनाथ यात्रा को सुव्यवस्थित करने और यात्रा मार्ग पर मूलभूत सुविधाओं को फिर से पटरी पर लाने के लिए शासन–प्रशासन स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पिछले महीने भूस्खलन से प्रभावित हुए पैदल मार्ग को आवाजाही के लिए लगभग दुरस्त कर लिया गया है।

केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव कुंड पुल छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए आज खुल गया है। हालांकि भारी वाहनों को अब भी चुन्नी बैंड वाले वैकल्पिक मार्ग से ही जाना होगा। पुल के समीप प्रस्तावित वेली ब्रिज के निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

पन्द्रह सितंबर से केदारनाथ यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसके लिए जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। यात्रा मार्ग पर दुकानों को फिर से शुरू करने के लिए व्यापारियों को सामान ले जाने के लिए मुफ्त हेली सेवा का लाभ दिया जा रहा है।

## माउंट फूजी का आरोहण

उत्तरकाशी जिले के ढासड़ा गांव निवासी प्रवीण सिंह राणा ने जापान की सबसे ऊंची चोटी माउंट फूजी का सफल आरोहण कर तिरंगा फहराया। इस अभियान में उनके साथ बेंगलुरु के 15 छात्रों ने भी सफल आरोहण किया। इससे पहले प्रवीण सिंह राणा माउंट एवरेस्ट सहित अफ्रीका, यूरोप व आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटियों का आरोहण कर चुके हैं।

## हिलजात्रा

पिथौरागढ़ के सोरघाटी के कुमौड़ गांव में आस्था और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक हिलजात्रा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान दर्जनों कलाकारों ने मुखौटों के साथ मैदान में उतरकर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया। सोरघाटी पिथौरागढ़ में सावन और भादौ के महीने को कृषि पर्व के रूप में मनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। सातूं आठूं से शुरू होने वाले इस पर्व का समापन पिथौरागढ़ में हिलजात्रा के रूप में होता है। हिलजात्रा का शाब्दिक अर्थ कीचड़ का उत्सव है। यह त्योहार पूरे देशभर में केवल पिथौरागढ़ में ही मनाया जाता है।

## स्वीकृति

रुद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड अगस्त्यमुनि में तीन मोटर मार्गो के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इन मोटर मार्गो के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र सड़क सुविधा उपलब्ध हो पाएगी। विकासखंड अगस्त्यमुनि में जिन तीन मोटर मार्गो के निर्माण को स्वीकृति मिली है उनमें राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय से ग्राम अधिक के उफराईं पाताल लोक मोटरमार्ग, अगस्त्यमुनि–धान्यू–तालीबगर–कोटनगर– चौड़ाधार मोटरमार्ग और बुधानी मयकोटी से सिद्धपीठ पवननगर होते हुए बावई तिलवाड़ा तक मोटरमार्ग का नवनिर्माण शामिल हैं।